Regarding incident of food poisoning in school and loss of money of investors in Sahara Group in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार अंतर्गत सारण (खपरा) जिला के मशरक प्रखंड के धर्मासती गंडामन गाँव के सामुदायिक भवन में चल रहे प्राथमिक विद्यालय में 16 जुलाई 2013 को विद्यालय में विषाक्त भोजन खाने से 23 बच्चों की एक-एक करके मौत हो गयी थी तथा अनेक बच्चों की तबियत बिगड़ गयी थी। इस हृदय विदारक घटना ने अनेक परिवार के भविष्य, उन बच्चों को उनसे छीन लिया। इतने वर्ष बीत जाने के बाद आज भी उन मृतक बच्चों के परिवार तथा उपर्युक्त घटना से प्रभावित बच्चों के परिवार को दो-दो हजार रूपये मिले जिसे सहारा परिवार के एजेंटों द्वारा अपने कम्पनी में लाभ देने के नाम पर जमा करा लिया गया और वो रूपये भी डूब गए ।

अत: आग्रह है कि उपर्युक्त घटना के प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्री एवं शिक्षा जी द्वारा आवश्यक कदम उठाया जाये ।